मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-362
08/08/2025

# केन्द्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास की वृहद् योजना का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

- **67 एकड़ भूमि में 883 करोड़ रुपये की योजना से मंदिर परिसर का किया जाएगा समग्र विकास**

पटना, 08 अगस्त 2025 :– केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह तथा बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले में मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास की वृहद् योजना का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। प्रमुख साधु–संतों एवं पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच विधिपूर्वक भूमि पूजन किया गया। 67 एकड़ भूमि में 883 करोड़ रुपये की योजना से पुनौराधाम मंदिर एवं परिसर का समग्र विकास किया जाएगा।

शिलान्यास कार्य के पश्चात् आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुनौराधाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास से संबंधित योजना पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ उपस्थित आप सभी लोगों का मैं स्वागत और अभिनंदन करता हूँ। बड़ी खुशी की बात है कि आज केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी माँ सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम में पधारे हैं। मैं इनका विशेष रूप से स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम की पावन धरती पर माता सीता का जन्म हुआ था, यह काफी पवित्र स्थल है। राज्य सरकार द्वारा पुनौराधाम मंदिर परिसर के विकास के लिए पहले से भी अनेक कार्य कराए गए हैं। आज 883 करोड़ रुपये की लागत से यहाँ माता सीता के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही मंदिर परिसर के समग्र विकास की वृहद योजना का शिलान्यास किया गया है। माँ जानकी के मंदिर परिसर का पूरे तौर पर विकास किया जाएगा, इसके लिए यहाँ पूर्व से उपलब्ध 17 एकड़ भूमि के अलावा 50 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा रही है। जमीन अधिग्रहण के बाद कुल 67 एकड़ भूमि पर माँ जानकी के भव्य मंदिर एवं परिसर का विकास कार्य बेहतर ढंग से कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के द्वारा इस नई योजना का शिलान्यास किया गया है। हमलोगों ने सीतामढ़ी जिले में विकास के अनेक कार्य कराए हैं,

वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। यहां जो जरूरतें या कमियाँ रह गई हैं उन्हें दूर किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच रेलमार्ग और सड़क मार्ग विकसित किया जा रहा है। श्री अमित शाह जी के द्वारा सीतामढ़ी से दिल्ली के लिए आज नई ट्रेन की भी शुरुआत की गयी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुये कहा कि इन विकास कार्यों के लिए केंद्रीय गृह मंत्री का आप सभी हाथ उठाकर अभिनंदन कीजिये और इन्हें धन्यवाद दीजिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ जानकी के भव्य मंदिर बनने और नई ट्रेन शुरू होने से आप सभी को काफी फायदा होने वाला है। बिहार में 24 नवम्बर, 2005 से जदयू और भाजपा की गठबंधन वाली एन0डी0ए0 की सरकार बनी। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी बदतर थी, यह किसी से छुपा नहीं है। शाम के बाद लोग डर के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकलते थे। सड़कों के अभाव के कारण कहीं आने–जाने के लिए रास्ता नहीं था। हमलोगों ने हर क्षेत्र के विकास और हर तबके के उत्थान के लिए काम किया है। प्रारंभ से ही बिहार के विकास के लिए हर प्रकार से काम किये जा रहे हैं। राज्य के सभी क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, विधवा महिलाओं को मिलने वाली 400 रुपये की पेंशन राशि को बढ़ाकर 1100 रुपये किया है, इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में हमलोगों ने हर घर तक बिजली का कनेक्शन पहुंचा दिया है जो भी नई बसावटें हैं, उन सभी तक हर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। हमलोग शुरू से ही अनुदानित दर पर लोगों को बिजली मुहैया कराते रहे हैं और अब राज्य सरकार की तरफ से सभी बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके अलावा सभी इच्छुक लोगों के घरों की छतों पर राज्य सरकार अनुदानित दर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया है, इससे लोगों को काफी फायदा होगा। प्रगति यात्रा के दौरान पूरे बिहार का भ्रमण करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर हम वहां की समस्याओं से अवगत हुए थे। प्रगति यात्रा के क्रम में हमने सीतामढ़ी जिले के कई स्थानों का भ्रमण कर यहां की समस्याओं की जानकारी ली थी। हमलोगों ने पूरे बिहार के लिए 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से 430 नई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर दी है ताकि इस पर तेजी से काम हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में बिहार को विशेष आर्थिक पैकेज के तहत सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गयी। वहीं फरवरी 2025 के बजट में मखाना बोर्ड तथा दरभंगा में एयरपोर्ट की स्थापना सहित अन्य कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गयीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन कराया गया, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देता हूँ और उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ। उन्होंने कहा कि यहाँ उपस्थित आप सभी लोगों को भी केन्द्रीय गृह मंत्री जी को बधाई एवं धन्यवाद देना चाहिए। साथ ही इनके द्वारा कराये गए विकास कार्यों के विषय में भी जानना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को यहां पधारने के लिए मैं पुनः उनका अभिनंदन करता हूँ और उन्हें धन्यवाद देता हूँ। यहाँ उपस्थित सभी मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, नेतागण एवं बड़ी संख्या में आए हुए लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ।

******